wagadsandesh.com

# वागड़ संदेश

Tital Code : RAJHIN27802

सम्पर्क
ई-पेपर मे खबरे व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें
ई-मेल - editorwagadsandesh@gmail.com
8890633631
9309255545
6351581818

वर्ष-1 अंक-83 | सागवाड़ा, रविवार, 21 नवम्बर, 2021 | अवधिः हिन्दी ई-पेपर | पृष्ठ-1, मूल्य-10 रु. (वार्षिक)


## डिमिया तालाब में नहाने उतरे दो बालको की डूबने से मौत

**डूंगरपुर।** जिले के वरदा थाना क्षेत्र के डिमिया तालाब में नहाने उतरे दो बालको की डूबने से मौत हो गई। पुलिस के अनुसार डूंगरपुर शहर निवासी 14 वर्षीय आयुष व वर्तिक अपने दो अन्य दोस्तों के साथ डिमिया तालाब पर नहाने के लिए गए थे। इस दौरान आयुष व वर्तिक नहाने के लिए तालाब में उतर गए। इधर नहाते-नहाते वर्तिक व आयुष तालाब के गहरे हिस्से में चले गए जिससे दोनों बालक डूब गए। इधर तालाब के बाहर बैठे दोनों दोस्त चिल्लाए और आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और वरदा थाना पुलिस को भी मामले की जानकारी दी गई । सुचना पर वरदा थाना पुलिस भी मौके पर पहुंची। इधर पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से सर्च ऑपरेशन शुरू किया और काफी मशक्कत के बाद पुलिस ने दोनों बालको के शव तालाब से तलाश करके बाहर निकाले। इसके बाद पुलिस ने दोनों शवों को मौके से जिला अस्पताल की मोर्चरी पहुंचाया। इधर पोस्टमार्टम की कार्रवाई कल सुबह की जाएगी।

# राजस्थान में 11 कैबिनेट और 4 राज्यमंत्रियों ने शपथ ली



**जयपुर।** तीन साल बाद गहलोत मंत्रिमंडल के बड़े विस्तार में रविवार को 11 कैबिनेट और 4 राज्य मंत्रियों को शपथ दिलाई गई। राज्यपाल ने सबसे पहले हेमाराम चौधरी को शपथ दिलाई। हेमाराम ने मई में सरकार से नाराज होकर अपने क्षेत्र की उपेक्षा का आरोप लगाते हुए विधायक पद से इस्तीफा दे दिया था। हरीश चौधरी की जगह बाड़मेर से अब हेमाराम को मौका दिया गया है। वे पिछली बार भी गहलोत सरकार में राजस्व मंत्री थे। दूसरे नंबर पर महेंद्रजीत सिंह मालवीय और तीसरे नंबर पर रामलाल जाट ने शपथ ली। रामलाल जाट सीएम के खास माने जाते हैं। शपथ के बाद उन्होंने सीएम के पैर छुए। राज्य मंत्री जाहिदा खान ने अंग्रेजी में शपथ ली।


### ये बने कैबिनेट मंत्री

हेमाराम चौधरी, महेंद्रजीत सिंह मालवीय, महेश जोशी, विश्वेंद्र सिंह, रामलाल जाट, रमेश मीणा, ममता भूपेश बैरवा, भजनलाल जाटव, टीकाराम जूली, गोविंद राम मेघवाल और शकुंतला रावत।

### पायलट की बॉडी लैंग्वेज रही चर्चा में

शपथ से पहले पायलट भी राजभवन पहुंचे। यहां वे सभी विधायक से गर्मजोशी के साथ मिले और हाथ मिलाए। शपथ समारोह में उनकी यह बॉडी लैंग्वेज काफी चर्चा में रही।

### गहलोत सरकार के राज्यमंत्री



बृजेंद्र ओला | मुरारी लाल मीणा | राजेंद्र गुढ़ा

### जो मंत्री नहीं बने उन्हें एडजस्ट करेंगेः सीएम

इससे पहले पीसीसी में सीएम अशोक गहलोत ने कांग्रेस विधायकों को संबोधित करते हुए कहा कि जो मंत्री नहीं बन पाए हैं, उनकी भूमिका कम नहीं है। जो बच गए हैं उन्हें एडजस्ट किया जाएगा। जो धैर्य रखता है, उसे कभी न कभी मौका मिलता है। सब तरह से फैसला हुआ है। राजस्थान में बार-बार सरकार में बदलाव आता है, लेकिन इस बार हम सरकार रिपीट करके दिखाएंगे। पूरे कांग्रेसजन एकजुट रहेंगे। जिन्हें मौका मिला है, मैं उम्मीद करता हूं कि वे सोनिया गांधी को निराश नहीं करेंगे।

### गहलोत सरकार के कैबिनेट मंत्री



महेंद्रजीत सिंह मालवीय | रामलाल जाट | विश्वेंद्र सिंह | रमेश मीणा

ममता भूपेश | भजनलाल जाटव | टीकाराम जूली | शंकुतला रावत

## जयसमंद कस्बे के पास सड़क हादसे में सागवाड़ा क्षेत्र के दो युवकों की मौत

**सागवाड़ा।** बाँसवाड़ा-उदयपुर मार्ग पर शनिवार देर शाम जयसमंद कस्बे के पास सड़क पर खड़े ट्रेलर से अनियंत्रित कार टकरा गई। हादसे में दो युवकों की मृत्यु हो गई जबकि तीन युवकों की हालत गंभीर बनी हुई है। दिवड़ा छोटा निवासी किरीट(30) पुत्र दिनेशचंद्र जोशी, नयन (29) व लोचन (30) पुत्र विनोद भट्ट , सौरभ (24) पुत्र भरत जोशी एवं सुआरो का डूंगरा सागवाड़ा निवासी संजय (21) पुत्र विनोद सरपोटा शनिवार शाम कार में सवार होकर उदयपुर जा रहे थे । शाम करीब साढ़े सात बजे जयसमंद कस्बे से आगे बेड़ास घाटी में कार अनियंत्रित होकर सड़क पर खड़े ट्रेलर से टकरा गई । हादसे के बाद कार 50 फीट दूर सड़क के दूसरे छोर पर जाकर विपरीत दिशा की ओर मुड़ गई । हादसे की आवाज सुन मौके पर ग्रामीण एकत्रत हो गए । ग्रामीणों की सूचना पर जयसमंद चौकी प्रभारी एवं हाईवे मोबाइल पुलिस मौके पर पहुंची ।





पुलिस एवं ग्रामीणों की करीब आधे घंटे की मशक्कत के बाद क्षतिग्रस्त कार में फंसे घायलों को बाहर निकाला। पुलिस ने स्वयं के वाहन से घायलों को झाड़ोल चिकित्सालय पहुंचाया। नयन भट्ट, सौरभ जोशी एवं संजय सरपोटा की हालत गंभीर होने पर उदयपुर रेफर कर दिया। उदयपुर चिकित्सालय पहुंचने पर चिकित्सकों नयन भट्ट एवं संजय सरपोटा को मृत घोषित कर दिया । जानकारी के अनुसार नयन बैंक सेक्टर परीक्षा होने के कारण सभी कार में सवार होकर उदयपुर जा रहे थे । मृतक नयन भट्ट की शादी दो वर्ष पूर्व भीलूड़ा गांव में हुई थी तथा छह माह का पुत्र है ।

## अमेजन कंपनी के कस्टमर अधिकारी बनकर अमेरिकी लोगों से ऑनलाइन ठगी करने वाले बड़े नेटवर्क का खुलासा

### सागवाड़ा के पुनर्वास कॉलोनी में था फर्जी कॉल सेंटर

**सागवाड़ा।** डूंगरपुर जिले की सागवाडा थाना पुलिस ने अमेजन कंपनी के कस्टमर अधिकारी बनकर अमेरिकी लोगों से ऑनलाइन ठगी करने वाले बड़े नेटवर्क का खुलासा किया है। मुंबई की 3 लड़कियों सहित 7 ठग गिरफ्तार किए है ओर 1 नाबालिग को किया है। हालाकि डीएसटी ने 18 नवंबर की रात को सागवाडा के पुनर्वास कॉलोनी में एक किराये के मकान में फर्जी कॉल सेंटर पकड़ा था लेकिन इसका खुलासा सागवाडा पुलिस ने आज कियाहै। एसपी सुधीर जोशी ने बताया कि किराए के घर में लेपटॉप व मोबाइल से अमेरिकी लोगों को अमेजन ऑनलाइन कंपनी से खरीदारी के नाम पर मैसेज व कॉलिंग कर ठगी करते थे। एसपी ने बताया कि पकड़े गए ठग फाइबर नेट की लाइन बिछाकर अमेरिकी लोगों को झांसा देते थे। ठग गिरोह 2 टीम एक आईटी विंग और दूसरी टीम कस्टमर केयर ऑफिसर बनकर अमेरिकी लोगो से बात करते थे। ठग पहले अमेरिकी लोगो के मोबाइल पर अमेजन कंपनी से ऑनलाइन मोबाइल या चीज खरीदारी का मैसेज भेजते थे। फिर कस्टमर ऑफिसर लोगों को कॉल करते थे। लोग उनकी ओर से सामान नहीं मंगवाने की बात करते तो आईडी हैक



करने का डर दिखाकर उनसे कई तरह की सूचनाएं ले लेते थे। ठगों के मोबाइल व लेपटॉप से 15 लाख से ज्यादा लोगों का नाम, पता और उनके मोबाइल डाटा मिले है। पुलिस ने डाटा की जांच करते हुए ठगों ने कितने लोगों को अपना शिकार बनाया उसकी जांच की जा रही है। उन्होंने बताया कि मामले में सागवाडा पुलिस ने केरिसा किनी निवासी शांताक्रूज ईस्ट मुंबई, जारा शेख निवासी नाला सुपारा वेस्ट मुंबई, रूथ फेलीक्स डिमेलो निवासी शांताक्रूज ईस्ट मुंबई, कुणाल निवासी नाला सुपारा वेस्ट मुंबई, लक्ष्मण नेगी निवासी कांदीवली ईस्ट मुंबई, कल्पेश निवासी गोरेगांव ईस्ट मुंबई, रितेश सुनकारे निवासी कामा रेड्डी हैदराबाद अभी कुरला कपाड़िया मुंबई, रोशन कलाल निवासी जेठाना सागवाडा को गिरफ्तार कर लिया है। वही एक बाल अपचारी को डिटेन किया है। पुलिस ने ठगों के पास से 5 लेपटॉप मिले है, जिनमें विशेष कॉलिंग एप मिला है। 8 एंड्रॉइड मोबाइल, चार्जर, एक फाइबर लाइन नेट कनेक्शन बरामद किया है। ठगों की ओर से बनाई गई देटस देम नाम की वेबसाइट की जांच साइबर टीम कर रही है।



## मंत्री मालवीया का जयपुर खोड़निया के निवास पर स्वागत

### जनजाति क्षेत्र से मालवीया बने केबिनेट मंत्री

**जयपुर।** नव नियुक्त केबिनेट मंत्री माननीय महेंद्र जीत सिंह मालविया राज भवन से शपथ लेने के बाद पेदल ज़िला अध्यक्ष दिनेश जी खोड़निया के निवास पहुंचे। जहाँ जनजाति राज्य मंत्री अर्जुन बमनिया विधायक गणेश घोगरा, प्रतापगढ़ विधायक रामलाल मीणा , धरियवाद विधायक नगराज मीणा ने स्वागत किया । वही खोड़निया ने मिठाई खिला कर बधाई दी इस अवसर पर चित्तोड से सुरेंद्र जाडवत, प्रकाश चौधरी शंकरलाल अहारी , ज़िला प्रमुख रेशम मालविया चंदमल जैन, महेंद्र बरजोट , गोतम पण्ड्या , सूरमाल परमार , मनोहर सिंह पुरशोतम ,रतन लाल , पाटिदार सहित संभाग भर के कांग्रेसजन उपस्थित थे ।








## 30 कार्टन अवैध शराब से भरा कंटेनर जब्त



**डूंगरपुर।** जिले की बिछीवाडा थाने की रतनपुर पुलिस चोकी ने एनएच48 पर राजस्थान-गुजरात रतनपुर बोर्डर पर अवैध शराब तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक कंटेनर जब्त किया है। कंटेनर से पुलिस ने 30 कार्टन शराब के बरामद करते हुए कंटेनर चालक सहित दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। बिछीवाडा थानाधिकारी रंजीत सिंह ने बताया की मुखबिर के जरिये रतनपुर बोर्डर से अवैध शराब तस्करी की सुचना मिली थी। जिस पर रतनपुर बोर्डर पर नाकेबंदी की गई। इस दौरान एक कंटेनर को रोककर तलाशी ली गई तो कंटेनर में प्लास्टिक दाना की आड़ में शराब के कार्टन भरे हुए थे।

जिस पर पुलिस ने कंटेनर को जब्त करते हुए कंटेनर से अवैध शराब के 30 कार्टन बरामद किये वही आबकारी अधिनियम में मामला दर्ज करते हुए झुंझुनू निवासी कंटेनर चालक सहित दो तस्करों को गिरफ्तार किया।

## 65 वी जिला स्तरीय क्रिकेट व बास्केट बाल प्रतियोगिता का आगाज



**डूंगरपुर।** जिले में शिक्षा विभाग की ओर से शहर के लक्ष्मण मैदान में चार दिवसीय 65 वी जिला स्तरीय क्रिकेट व बास्केट बाल प्रतियोगिता का आज आगाज हुआ। उदघाटन समारोह की मुख्य अतिथि डूंगरपुर पंचायत समिति की प्रधान कांता कोटेड रही वही समारोह की अध्यक्षता तीरंदाजी कोच नरेश डामोर ने की वही सीबीईओ हेमंत पंड्या कार्यक्रम के विशिष्ठ अतिथि रहे। इस मौके पर सीबीईओ हेमंत पंड्या ने बताया की शिक्षा विभाग की ओर से क्रिकेट व बास्केट बोल प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। चार दिनों तक चलने वाली खेलकूद प्रतियोगिता में क्रिकेट में 15 टीम व बास्केट बोल प्रतियोगिता में 13 टीम भाग ले रही है। इस मौके पर मुख्य अतिथि प्रधान कांता कोटेड ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा की जीवन में शिक्षा के साथ खेलो का भी बड़ा महत्व है। खेलो से शारीरिक विकास के साथ मानसिक विकास भी होता है। उन्होंने खिलाडियों से प्रतियोगिता में खेल की भावना से खेल खेलने का आव्हान किया और कड़ी मेहनत करते हुए अपने स्कूल का नाम रोशन करने का आव्हान किया।

## जिले में 22 से 27 नवम्बर तक आयोजित होगा 'सुमन' सप्ताह

### गर्भवती और नवजात को गुणवत्तापूर्ण ईलाज दिलाएगा 'सुमन' कार्यक्रम

**बाँसवाड़ा।** गर्भवती महिलाओं, प्रसूताओं और शिशुओं को सरकारी अस्पतालों में गुणवत्तापूर्ण सेवाएं प्रदान करने के लिए एसयूएमएएन 'सुमन' यानी सुरक्षित मातृत्व आश्वासन कार्यक्रम शुरू किया है जिसके तहत 22 नवम्बर से 27 नवम्बर तक सुमन सप्ताह का आयोजन किया जाएगा।

जिसके अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। सीएमएचओ डॉ एचएल ताबियार ने बताया कि सुरक्षित मातृत्व आश्वासन कार्यक्रम के अंतर्गत प्रदेश में तीन श्रेणियों में 250 चिकित्सा संस्थान और बाँसवाड़ा जिले के 16 चिकित्सा संस्थान चयनीत हुए हैं। उन्होंने बताया कि राज्य स्तर से प्राप्त निर्देशानुसार आगामी 22 नवम्बर से 27 नवम्बर तक जिले में सुमन सप्ताह का आयोजन किया जाएगा। जिसके अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। सुमन सप्ताह के अंतर्गत जिले में सेक्टर, खंड और जिला स्तर पर आमुखीकरण कार्यशालाओं का आयोजन किया जाएगा।

साथ ही विभाग की ओर से 22 नवंबर से 27 नवंबर तक प्रेस बसोशल मीडिया के माध्यम से आमजन को जागरूक किया जाएगा। इसके अतिरिक्त माताओं और शिशुओं का जीवन बचाने हेतु अनुकरणीय कार्य करने वाले सेवा प्रदाताओं को सम्मानित किया जाएगा।

साथ ही आशा, एएनएम संवाद और प्रसूति योजना दिवस कार्यक्रमों के आयोजन के माध्यम से सुरक्षित मातृत्व आश्वासन कार्यक्रम के संबंध में जागरूकता लाई जाएगी। इसके साथ ही सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले राज्य के 03 सर्वश्रेष्ठ जिले, 05 सर्वश्रेष्ठ ब्लॉक और 10 सर्वश्रेष्ठ प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों को राज्य स्तर पर सम्मानित किया जायेगा। आरसीएचओ डॉ नरेंद्र कोहली ने बताया कि 'सुमन' कार्यक्रम के जरिए गर्भवती महिलाओं और नवजात शिशुओं का गुणवत्तापूर्ण ईलाज के साथ उन्हें संचालित योजनाओं का 100 प्रतिशत लाभ मुहैया कराया जाएगा। इस कार्यक्रम को प्रारम्भ करने का मुख्य उद्देश्य मातृ एवं शिशु मृत्युदर में कमी लाना है।